निगम क्षेत्र में पशुओं का एनिमल टेगिंग शुरू किया गया

भिलाईनगर/ नगर पालिक निगम भिलाई के शहरी गौठान कोसा नगर तथा पशु आश्रय स्थल में रखे घुमन्तु मवेशियों का पशुधन पालन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग किया जा रहा है। निगम आयुक्त रोहित व्यास के निर्देश पर सम्पूर्ण निगम क्षेत्र में चल रहे रोका छेका संकल्प अभियान के तहत निगम के राजस्व अमले द्वारा सड़क तथा चौक चौराहों से पकड़कर गौठान में रखे गये 891 गाय, बैल एवं सांड का पशुधन विभाग द्वारा एनिमल टेगिंग का कार्य प्रारंभ किया गया है , शनिवार को शहरी गौठान कोसा नगर में रखे गये 416 गाय में से 100 का तथा डी-मार्ट के पास बनाये गये पशु आश्रय स्थल में रखे 475 सांड तथा बैल में से 100 पशुओं का टेगिंग किया गया है।

आपको बता दे कि गत दिवस निगम सभागार में पशुपालकों की आयोजित बैठक में आयुक्त श्री व्यास ने पशुपालन विभाग के अधिकारी को निर्देश दिये थे कि भिलाई निगम क्षेत्र के सभी मवेशियों का एनिमल टेगिंग किया जाना है, जिसकी शुरूवात गौठान में रखे पशुओं से किया गया है। इसके पश्चात पशुपालन विभाग निगम क्षेत्र के सभी खटालों में पहुॅच कर मवेशियों का टेगिंग निःशुल्क करेगा।